# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओडिशा रोड, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट– https://snpv.ac.in

क्रमांक 3359/E/परीक्षा–गोपनीय/2026 रायगढ़ दिनांक 24/09/2026

## –::अधिसूचना::–

सत्र 2026–27 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ से संबद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर), स्नातकोत्तर (प्रथम सेमेस्टर) एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों नवप्रवेशित नियमित (जो इस विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रथम बार सम्मिलित होगें) वेबसाईट httpa://snpv.ac.in पर उपलब्ध Online Portal Link के माध्यम से नामांकन आवेदन (Enrollment Form) एवं नामांकन शुल्क ऑनलाईन जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

| क्रं. | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन माध्यम से नामांकन आवेदन की प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | 24.09.2026 से 20.10.2026 तक |
| 02 | छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद, पुर्नमुल्यांकन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | 22.10.2026 तक |
| 03 | महाविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की सूची (Enrollment Return/Roll List 2026–27) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति पात्रतानुसार परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि | अशासकीय महाविद्यालय 24.10.2026 तक<br>शासकीय महाविद्यालय 26.10.2026 तक |

नोटः–

- समस्त महाविद्यालयों के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं को नामांकन फॉर्म भरना अनिवार्य है। ऐसे छात्र–छात्राएं जो इस विश्वविद्यालय से सत्र 2025–26 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण है, एवं सत्र 2026–27 नवप्रवेशित छात्र–छात्राएं है। जो पूर्व में नामांकित है उन छात्र–छात्राओं को नामांकन शुल्क से मुक्त रखा गया है। परंतु Enrollment Mappling की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
- छात्र यह स्वयं सुनिश्चित कर ले की उनके द्वारा प्रवेश के समय VAC एवं GE के विषयों का चयन किया गया है या नहीं अन्यथा कि स्थिति में प्रवेशित महाविद्यालय से संपर्क कर उक्त विषयों का चयन पश्चात् ही नामांकन कि प्रक्रिया पूर्ण करें।
- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सुचित किया जाता कि नामांकन आवेदन भरते समय यूजर आई.डी./पासवर्ड हेतु एक मोबाईल नं. से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल नं. एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।

Scanned with OKEN Scanner

- नामांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्युनतम अर्हतावों को पूर्ण करते है।
- नामांकन आवेदन में किसी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषण कर्ता अधिकारी की होगी।
- किसी प्रकार की समस्या/कठिनाई होने पर प्रथमतः अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नहीं होने पर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते है।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र. 3360/परीक्षा–गोपनीय/2026 रायगढ़, दिनांक 24/09/2026

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा कराएं एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तनुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित कराएं।
03. वित्ताधिकारी,(भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (परीक्षा–गोपनीय) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक.............................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालयीन प्रति।

परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी)

Scanned with OKEN Scanner